वैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 30 अप्रैल 2025
वर्ष 6, अंक 159, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

PAGE NO. 5: MIDDLE

# एनाटॉमी के ग्रुप 24 ने जीता पहला पुरस्कार



विजेताओं को पुरस्कार देते संस्थान के चेयरमैन देवमूर्ति। ● अमृत विचार

● **एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में चार्ट कंपटीशन में एमबीबीएस 2024 बैच हुआ शामिल**

**बरेली, अमृत विचार:** एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में एनाटॉमी विभाग की ओर से आयोजित चार्ट कंपटीशन एनाटोकैनवाल में एमबीबीएस-2024 बैच के विद्यार्थियों के ग्रुप 24 ने पहला पुरस्कार हासिल किया। दूसरा पुरस्कार ग्रुप नंबर 6 को, तीसरा पुरस्कार ग्रुप नंबर 26 को और सांत्वना पुरस्कार ग्रुप नंबर 4, 3, 7, 19 और 28 को मिला।

इस अवसर पर एनाटॉमी विभाग में न्यूरोएनाटॉमी, एम्ब्रियोलॉजी और एंथ्रोपोमेट्री की नव स्थापित लैब का भी उद्घाटन हुआ। संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति, डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति, प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डॉ. एमएस बुटोला, एनाटॉमी डिपार्टमेंट की एचओडी डॉ. नमिता मेहरोत्रा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। निर्णायक मंडल में डॉ. एसके सागर, डॉ. शशिबाला आर्य, डॉ. वंदना नेगी, डॉ. बिंदू गर्ग और डॉ. मीनाक्षी जिंदल ने इन्गुइनल कैनाल के चार्ट को पहला स्थान दिया। इसे बनाने वाले ग्रुप 24 (आयुषि, आयुष्का पांडेय, भांगे योगेश हरिभाऊ, भास्कर सत्यम, भूमिका वार्ष्णेय) को प्रमाणपत्र और पदक दिए। द्वितीय रहे ग्रुप 6 (वैभव सिंह, वंश सिकरी, वत्सल नरेंद्र दूधिया, वेदांत शर्मा, विदुषि श्रीनेत्र) और तृतीय रहे ग्रुप 26 (अश्लेषा सुनील कटोले, आस्था पटेल, अविनाश राज, आयुश गर्ग, आयुश मिश्रा) को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कंचन बिष्ट ने किया। डॉ. शंभु प्रसाद, डॉ. धनंजय कुमार, डॉ. समता तिवारी मौजूद रहे।